# कुक्कट पालन विषय पर ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन



पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 21–23 जनवरी 2025 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मंदीप शर्मा की प्रेरणा, अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे के निर्देशन से राष्ट्रीय पशुधन मिशन, भारत सरकार की योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय कुक्कट पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमे ग्रामीण युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ लिया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कुक्कुट पालन से जुड़े सभी विषयों पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण द्वारा बारीकी से सैद्धांतिक एवम प्रायोगिक जानकारी दी गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थी को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया, साथ ही उनको प्रायोगिक कार्य जैसे की आहार बनाना, टीकाकरण की विधि, आवास व्यवस्था के बारे में बताया गया एवं उनके द्वारा इनका अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के अंत में समापन कार्यक्रम में डॉ. एस के कारमोरे नोडल अधिकारी राष्ट्रीय पशुधन मिशन ने प्रतिभागियों को मुर्गीपलन से स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर  प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रशिक्षण सह समन्वयक  डॉ अंकुर खरे, डॉ लक्ष्मी चौहान एवम डॉ हरी आर के विशेष सहयोग रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर